**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या : 209***

**उत्तर देने की तारीख : 13.03.2025**

**सार्वजनिक खरीद नीति**

*209. **श्री सु. वेंकटेशन:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वजनिक खरीद नीति के तहत एमएसएमई से खरीद हेतु निर्धारित प्रतिशत और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों से खरीद के लिए उप-लक्ष्य क्या हैं; और

(ख) विगत ग्यारह वित्तीय वर्षों अर्थात् वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2024-25 के दौरान एमएसएमई और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों से सरकारी खरीद का वास्तविक प्रतिशत क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री जीतन राम मांझी)**

(क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *209, जिसका उत्तर दिनांक 13.03.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) : सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012 जिसे 2018 में संशोधित किया गया है, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 4% खरीद और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 3% खरीद सहित, एमएसई से 25% वार्षिक खरीद अधिदेशित करता है।

(ख) : एमएसएमई संबंध पोर्टल (दिनांक 08 दिसंबर, 2017 को पोर्टल की शुरुआत से लेकर आज की तारीख तक) के अनुसार, अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले उद्यमों से खरीद का प्रतिशत वित्त वर्ष 2017-18 में 544.72 करोड़ रुपए (0.48 प्रतिशत) से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 07.03.2025 तक) में 2,594.44 करोड़ रुपए हो गया है। अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले उद्यमों सहित एमएसई से सरकारी खरीद का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| **वित्त वर्ष** | **एमएसई से खरीद (करोड़ रुपए में)** | **अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले एमएसई से खरीद (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 2017-18 | 26,357.46<br>(23.11%) | 544.72<br>**(0.48%)** |
| 2018-19 | 40,399.70<br>(26.32%) | 824.71<br>**(0.54%)** |
| 2019-20 | 39,037.13<br>(29.69%) | 691.43<br>**(0.53%)** |
| 2020-21 | 40,717.67<br>(29.21%) | 768.53<br>**(0.55%)** |
| 2021-22 | 53,778.58<br>(32.52%) | 1,302.50<br>**(0.79%)** |
| 2022-23 | 64,721.65<br>(37.13%) | 1,546.91<br>**(0.89%)** |
| 2023-24 | 74,717.24<br>(43.71%) | 1,757.26<br>**(1.03%)** |
| 2024-25<br>(दिनांक 07.03.2025 तक) | 70,279.96<br>(42.90%) | 2,594.44<br>**(1.58 %)** |

****